पृष्ठ एक का शेष

राहुलने फिर...

बना सकते हैं, लेकिन वह आमने–सामने की बहस के लिए तैयार हैं। राहुल ने दावा किया कि ऐसी चर्चा के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रह पाएंगे। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने प्रधानमंत्री के दिवाली मिलन समारोह में टेलीप्रॉम्प्टर के इस्तेमाल को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि कार्यक्रम, लोग और माहौल सब प्रधानमंत्री के अपने थे, फिर भी उन्हें स्क्रिप्ट की जरूरत पड़ी। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बहस में भी टेलीप्रॉम्प्टर लेकर आ सकते हैं और अपनी पसंद का निर्णायक चुन सकते हैं, लेकिन उन्हें बहस के लिए सामने आना चाहिए।

बिहार : सड़क हादसे...

घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में शंभु सिंह, उनकी पत्नी उषा देवी और पड़ोसी मंजु रानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, कार चालक समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ विनोद कुमार और थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए कटिहार भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटाने और यातायात व्यवस्था सामान्य कराने की कारवाई शुरू की।

बिहारमें चार...

लगातार अपनी जमीन बेच रहा था। 7 कट्ठा जमीन की उसने रजिस्ट्री कर दी थी। इस बात की जानकारी होने पर परिवार में विवाद शुरू हो गया ।राहुल की पत्नी सीमा देवी जमीन की रजिस्ट्री का नकल लेकर आई थी। इसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई ।विवाद बढ़ने पर राहुल घर छोड़कर चला गया। इसके बाद परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। राहुल की मां निर्मला देवी 55 वर्ष, पत्नी सीमा देवी और बेटे मुन्ना 12 वर्ष की मौत हो गई। जबकि बेटी ऋषिका की हालत गंभीर है। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

सबरीमाला घी...

ओड्डनछत्रम निवासी वेंकटेश्वरन और कुमारन के रूप में हुई है। दोनों थोक में घी का कारोबार करते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, उनकी गिरफ्तारी गुरुवार शाम दर्ज की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों व्यापारियों ने कथित तौर पर उस घी को खरीदा था, जिसे ठेकेदार एसएस बिनु ने सबरीमाला मंदिर पहुंचाने के बजाय दूसरी जगह भेज दिया था। बिनु को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के साथ हुए अनुबंध के तहत डेयरी से सबरीमाला मंदिर तक मिल्मा का घी पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। मिल्मा, केरल कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (केसीएमएमएफ) का ब्रांड है। पिछले सबरीमाला तीर्थयात्रा सीजन के दौरान मंदिर में घी की आपूर्ति का ठेका इसी ब्रांड को मिला था। वीएसीबी के मुताबिक, आरोप है कि बिनु ने मंदिर के लिए भेजे जाने वाले घी की खेप सबरीमाला पहुंचाने के बजाय तमिलनाडु के ओड्डनछत्रम में दोनों व्यापारियों को बेच दी। इस सौदे की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

विपक्षको...

से कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा हम संविधान और उसके मूल्यों के लिए लड़ रहे हैं। हम इसलिए लड़ रहे हैं क्योंकि हमारे देश की वे सभी संस्थाएं, जो संविधान और उसके मूल्यों को बनाए रखती हैं, उन्हें बीजेपी द्वारा सुनियोजित तरीके से नष्ट किया जा रहा है। महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। सरकार का दावा है कि बिल को पारित कराने के लिए उसके पास पर्याप्त संख्या बल से डेढ़ दर्जन अधिक सदस्यों का समर्थन है। 91 दिन बाद भी मानसून सत्र के सत्रावसान न होने पर विशेष सत्र को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सरकार के सूत्र ने कहा कि जरूरी संख्या बल जुटाने के लिए सरकार की ओर से करीब–करीब सभी दलों से संपर्क साधा गया है। सभी दलों से कहा गया कि सरकार का इरादा आनुपातिक रूप से हर राज्य की लोकसभा और विधानसभा की सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी करने का है। इसे विधेयक के मूल मसौदे में भी शामिल किया जायेगा।

मुख्यमंत्रीको...

फर्जी नाम दर्ज होने के कारण मतदाता सूची से हटाये गये हैं। अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर मतदाता बनवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए ऐसे लोगों को शामिल करने की योजना बनायी जा रही है, जिनका नाम पहले से पंजीकृत नहीं है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा की बैठक और मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की रणनीति पर सवाल उठाये। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर चंद्रशेखर–ओवैसी गठबंधन पर कहा था कि पीडीए समाज की आवाज उठाने वाले हर दल का करेंगे सहयोग; बोले– मोर्चों से लोकतंत्र मजबूत होता है, लेकिन मंशा समाज की भलाई की होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी के 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' का स्वागत किया है। सामाजिक स्तर पर परिवर्तन जरूरी है, लेकिन वास्तविक सफलता तभी मिलेगी, जब राजनीतिक परिवर्तन का मोर्चा भी सक्रिय होगा। अखिलेश ने दावा किया कि इस तरह के नये राजनीतिक विकल्प से भाजपा को दो से तीन प्रतिशत वोटों का नुकसान हो सकता है। पीडीए समाज के हित में साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने और उसकी आवाज उठाने वाले दलों की ईमानदार आवाज जनता तक पहुंचाने में सपा सहयोग करेगी।

मणिपुरमें वाहनों...

सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास एक इलाके में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वहीं, दो पुरुष घायल हो गये थे। मणिपुर में मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह हिंसा घाटी में रहने वाले मैतेई समुदाय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच शुरू हुई थी। इस हिंसा में अब तक कम से कम 306 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 49 लोग अब भी लापता हैं। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नागा समुदायों के बीच झड़पें हो रही हैं। इन झड़पों में अब तक कम से कम 50 लोगों की मौत हो चुकी है।

भारतको जानना...

सफर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर्नाटक दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें पिंक लाइन मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत के साथ–साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए चार रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी शामिल है। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नई मेट्रो लाइन पर सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे और तवारेकेरे से आईआईएम (आईआईएम) बंगलूरू मेट्रो स्टेशन तक सफर करेंगे। इसके अलावा, वे बंगलूरू में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। साथ ही, एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एस–व्यासा यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह और आरएसएस के पूर्व महासचिव एच.वी. शेषाद्रि की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव और आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी मौजूद रहें।

बंगालमें बारह...

ने पैसे लौटा दिये हैं। बाकी लोगों से भी ऐसा ही करने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि पिछली सरकार के दौरान हुए कथित संस्थागत भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। अधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों ने इन लाभार्थियों को धोखाधड़ी से आर्थिक सहायता प्राप्त करने में मदद की, उनकी पहचान की जायेगी और उनके खिलाफ कारवाई की जायेगी। हम सीआईडी जांच भी शुरू करेंगे। टीएमसी सरकार पर गरीबों के लिए बनी ग्रामीण आवास योजना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए अधिकारी ने कहा कि उन्होंने झूठा दावा किया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो उनकी बंग्लार बारी परियोजना के तहत आने वाले 18–19 लाख लोगों को पैसे नहीं मिलेंगे।

एसआईआर में नाम कटने पर भाजपा का बड़ा मंथन

लखनऊ में पंकज चौधरी ने रखी कार्यशाला, मुख्यमंत्री योगी भी हुए शामिल

लखनऊ (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम कटने को लेकर सवाल उठाए जाने के बाद भाजपा संगठन सक्रिय हो गया है। पार्टी ने छूटे हुए मतदाताओं के नाम दोबारा जुड़वाने के लिए अभियान तेज करने की तैयारी की है। इसी सिलसिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संगठन की कार्यशाला है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दोपहर शामिल हुए। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर



सहित प्रदेश और क्षेत्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता मौजूद हुए।

करीब 700 से अधिक पदाधिकारियों को बुलाया गया है। इनमें जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला और विधानसभा मतदाता प्रमुख तथा आईटी संयोजक शामिल हुए,बैठक में एसआईआर के दौरान छूटे मतदाताओं तक पहुंचने और उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की रणनीति पर चर्चा हो हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मतदाता सूची में नाम कटने को लेकर चिंता जताए जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भरोसा दिया था कि विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही थी। अभियान की रूपरेखा और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

भारत में कुश्ती कला की पौराणिक परंपरा–केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे

कसया (कुशीनगर)। भारत में कुश्ती कला की पौराणिक परंपरा रही है। यह एक ऐसी कला है जो व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक उत्थान करती है। कुश्ती अनुशासन का पर्याय है। उक्त उद्गार केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे ने शुक्रवार को कसया तहसील क्षेत्र के पिपरा तिवारी में पूर्व विधायक स्व. सुरेंद्र शुक्ला की स्मृति में आयोजित विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि अखाड़े पर पहलवानों का हाथ मिलाते हुए कही।उन्होंने कहा कि कुश्ती से



ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशा जाता है। केंद्र सरकार हर खेल के खिलाड़ियों को प्रत्येक स्तर पर प्रोत्साहन दे रही है। गांव के अखाड़ों से ही देश के लिए बड़े–बड़े पहलवान निकलते हैं, इसलिए ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा रामपति राम त्रिपाठी ने कहा कि कुशल द्वारा स्थापित यह अखाड़ा ग्रामीण क्षेत्र में आदर्श स्थिति स्थापित करता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजेश, विधायक पी एन पाठक, विधायक मनीष जायसवाल, मोहन वर्मा, विधायक विनय गोंड, विधायक डॉ असीम राय, सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भैया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीनू जिंदल, अमित पूर्व विधायक स्व. शुक्ल के जीवन पर प्रकाश डाला। दंगल में दूर–दूर से आए पहलवानों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।आयोजक मंडल के अध्यक्ष संजय शुक्ल, विजय शुक्ल, सुनील शुक्ल, अमित शुक्ल, गोल्डेन शुक्ल, गौरव शुक्ल, रामायण शर्मा, अमरेश यादव, हरेंद्र कुशवाहा ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस दौरान गणमान्य जन और भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

करुणा–संवेदनशीलता मानव समाजकी नींव–भागवत

नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि करुणा और संवेदनशीलता मानवता और समाज की नींव हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को बदले में कुछ भी पाने की उम्मीद किए बिना दूसरों की सेवा करनी चाहिए। डॉ. संजय पैठणकर को 'विदर्भ गौरव' पुरस्कार देने के बाद अपने संबोधन में भागवत ने कहा सेवा कोई पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी है। हम केवल अपनी आजीविका कमाने के लिए काम नहीं करते, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं कि दुनिया सुचारू रूप से चलती रहे। संवेदनशीलता के महत्व पर जोर देते हुए भागवत ने कहा कि मुसीबत में फंसे किसी व्यक्ति की मदद करना मानवता का एक स्वाभाविक भाव है। चाहे उससे आपका व्यक्तिगत संबंध हो या न हो। उन्होंने कहा चाहे किसी व्यक्ति से हमारा कोई संबंध हो या न हो, अगर कहीं कोई कष्ट में है, तो हमें उस कष्ट को कम करने के लिए जो कुछ भी बन पड़े, वह करना चाहिए। और ऐसा करते समय हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम कोई असाधारण काम कर रहे हैं। यह मानवता की निशानी है। भागवत ने कहा कि लोगों को समाज सेवा शुरू करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पुरस्कार नहीं दिए गए, क्योंकि जिन्हें सम्मानित किया गया है, उन्होंने सम्मान पाने की उम्मीद से काम नहीं किया था। उन्होंने कहा किसी के काम को सम्मान देने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार दिया जाता है। पुरस्कार शब्द का अर्थ ही है-किसी चीज को आगे बढ़ाना। समाज करुणा और संवेदनशीलता पर टिका है। अगर यह संवेदनशीलता जीवित रहती है, तो समाज भी बचा रहेगा। अगर यह खत्म हो गई, तो मानवता ही खो जाएगी। उन्होंने कहा कि सवाल यह नहीं है कि कोई व्यक्ति गरीबी से जूझ रहा है या संपन्नता में जी रहा है। मायने यह रखता है कि जीवन जीते हुए उसने किन मूल्यों को संजोकर रखा है। भागवत ने कहा कि काम को लेकर भारतीय दृष्टिकोण, केवल पैसा कमाने के लिए किए जाने वाले पेशे की सोच से अलग है। लोगों को अपने-अपने काम करने चाहिए और पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए समाज में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा अपनी आजीविका कमाना तो हमारे काम का बस एक परिणाम है। असली उद्देश्य समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि धर्म की अवधारणा मानवता और भाईचारे से जुड़ी है, और इसके मुख्य गुण हैं-सत्य, करुणा, पवित्रता और आत्म–अनुशासन। उन्होंने कहा मानवता ही धर्म है। भाईचारा ही धर्म है। भागवत ने कहा कि लोगों को इस जागरूकता के साथ जीना चाहिए कि ईश्वर उनके भीतर और दूसरों के भीतर भी मौजूद हैं।

फुरसतपुर में भव्य दंगल का आयोजन, 25 जोड़ी पहलवानों ने दिखाया दमखम

सोहसा मठिया (कुशीनगर)। टेकुआटार क्षेत्र के फुरसतपुर गांव में भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दूर–दराज के क्षेत्रों से आए पहलवानों ने हिस्सा ले कर अपनी कुश्ती कला और शारी. रिक दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 25 जोडी पहलवानों ने अखाडे में उतर कर एक–दूसरे को चुनौती दी। पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय दर्शक जुटे रहे। दंगल के दौरान पहलवानों ने एक–दूसरे पर शानदार दांव–पेच आजमाए। किसी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पटखनी देने के लिए जोर लगाया तो किसी ने अपनी कुश्ती कला और फुर्ती से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। अखाड़े में मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक कुश्ती कला को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल के प्रति रुचि जगाने का संद. ेश दिया गया। आयोजन के दौरान बंटी



राव,जिला पंचायत सदस्य बलराम राव, राधेश्याम बुल्ट पवन और मुकेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दो एसपीओ की हत्या के बाद तीन आतंकियों के पोस्टर जारी

जम्मू (आससे)। जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों के खिलाफ कारवाई तेज कर दी है। किश्तवाड़ पुलिस ने शुक्रवार को तीन आतंकियों के पोस्टर जारी किये हैं। इनमें मोहम्मद अमीन उर्फ जहांगीर सरूरी, रियाज अहमद उर्फ हजारी और मुदस्सिर हुसैन शामिल हैं। पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को कुल 30 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस के मुताबिक, तीनों आतंकियों पर एसपीओ की हत्या में शामिल होने का आरोप है। आम लोगों से उनकी गतिविधियों और ठिकानों के बारे में जानकारी देने की अपील की गयी है। सूचना देने के लिए 9797900958 और 1995357494 नंबर जारी किये गये हैं। पुलिस ने सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने का भरोसा दिया है। किश्तवाड़ के दच्छन इलाके

30 लाख का इनाम, हिजबुल कमांडर पर शक

में बुधवार रात ड्यूटी पर जाते समय दो एसपीओ लापता हो गए थे। बृहस्पतिवार सुबह दोनों के शव जंगल में मिले। मृतकों की पहचान कियार गांव निवासी भवी चंद (57) और रशपाल कुमार (47) के रूप में हुई है। दोनों पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) में तैनात थे। पुलिस के अनुसार, दोनों बुधवार रात कियार गांव स्थित पुलिस कैंप से धरना–मरवाह की ओर सेना की पोस्ट पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के लिए निकले थे। रास्ते में उनसे संपर्क टूट गया और मोबाइल फोन बंद हो गए। इसके बाद सेना, पुलिस और एसओजी ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। गुरुवार सुबह जंगल में दोनों के शव बरामद हुए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दोनों को सिर और पेट में गोली मारी गई थी। घटनास्थल से पाकिस्तान निर्मित कारतूस के खोखे भी मिले हैं। आशंका है कि आतंकियों ने दोनों की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद घात लगाकर हमला किया। हमलावर उनके सरकारी इंसास और .303 राइफल भी अपने साथ ले गए। इस वारदात में दच्छन इलाके में लंबे समय से सक्रिय हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर जहांगीर सरूरी उर्फ मोहम्मद अमीन सरूरी पर शक जताया जा रहा है। वह ए++ श्रेणी का आतंकी है और करीब 35 वर्षों से सक्रिय बताया जाता है। उसके साथ रियाज अहमद और मुदस्सिर हुसैन के भी सक्रिय होने की सूचना है। एसओजी लंबे समय से सरूरी की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। पुलिस ने अब तीनों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पोस्टर जारी कर इनाम घोषित किया है। आतंकियों की तलाश में दच्छन के दुर्गम और घने जंगलों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कियार से धरना-मरवाह तक के रास्ते की घेराबंदी कर अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा बल तलाशी अभियान में हेलिकॉप्टर, ड्रोन कैमरों और खोजी कुत्तों की मदद ले रहे हैं। हमलावरों की संभावित आवाजाही और छिपने के ठिकानों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि कुलगाम में सीआरपीएफ के नाके पर हुए हमले के 24 घंटे के भीतर किश्तवाड़ में दो एसपीओ की हत्या की वारदात सामने आयी थी। लगातार हुई इन घटनाओं के बाद जम्मू संभाग के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा और तलाशी अभियान तेज कर दिए गए हैं।

यूपी में 12 ट्रेनी आईपीएस को मिली जिलों में तैनाती

◆लखनऊ को मिले शिवांक चौधरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 12 ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों को जिलों में प्रशिक्षण के लिए तैनात कर दिया गया है। आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को अलग–अलग जनपदों और कमिश्नरेट में भेजा गया है, जहां वे फील्ड ट्रेनिंग के दौरान पुलिसिंग की बारीकियां सीखेंगे। जिस आईपीएस अफसरों को तैनाती दी गई हैं उसमे अभिषेक अंजनी सिंह आईपीएस को गोरखपुर, आदित्य आचार्य को कमिश्नरेट वाराणसी, अक्षत मणिडवाल को जौनपुर, आर्येन्द्र कुमार को कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात किया गया है। आईपीएस अर्पिता को हरदोई, कशिश कालरा को कानपुर देहात और कुणाल कुमार को प्रतापगढ, कुणाल यादव को सहारनपुर, राजेन्द्र बिश्नोई को एटा, शिवांक चौधरी को कमिश्नरेट लखनऊ, सृष्टि मिश्रा को मथुरा व योगेन्द्र मीणा को सीतापुर व लखनऊ कमिश्नरेट में शिवांक चौधरी, वाराणसी में आदित्य आचार्य और गाजियाबाद में तैनात किया गया है।

आगरा-मथुरामें कई प्रतिष्ठानों पर आयकर का छापा

मथुरा (एजेंसी)। आयकर विभाग ने मथुरा, वृंदावन और आगरा में एक साथ बड़ी कारवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों और कारोबारियों के ठिकानों पर सर्वे शुरू किया। मथुरा-वृंदावन में गाजियाबाद से पहुंची विभाग की टीमों ने रेडिशन होटल और शंकर सेठ के गुरुकृपा होटलों सहित कई स्थानों पर दोपहर तक कारवाई जारी रखी, जिससे शहर के व्यापारिक जगत में खलबली मच गयी। वहीं, आगरा में एमजी रोड और बोदला सिकंदरा रोड स्थित तनिष्क शोरूम के साथ-साथ संचालक अनुराग बंसल के अनुपम ओरियन अपार्टमेंट पर भी आयकर विभाग के छापे की सूचना है। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह पांच बजे आयकर विभाग की करीब चार दर्जन गाड़ियों से टीमें मथुरा पहुंचीं। इसके बाद अलग–अलग टीमों में बंटकर अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर एक साथ सर्वे शुरू किया। शंकर सेठ से जुड़े ठिकानों पर पहुंची टीम ने दस्तावेज कारोबारी रेकार्ड और वित्तीय लेनदेन से संबंधित अभिलेखों की जांच-पड़ताल की। सूत्रों के अनुसार, डालमिया बाग पेड़ कटान प्रकरण से जुड़े कुछ लोगों के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की कारवाई होने की चर्चा है। हालांकि, इस संबंध में अभी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी या पुष्टि नहीं की गयी है।

कांग्रेसकी रैलीमें न पहुंचनेवाले ६८ पदाधिकारी निलम्बित

लखनऊ (आससे)। संगठन के प्रति ईमानदारी न दिखाने व लापरवाही बरतने को लेकर अक्सर कार्यकर्ताओं को पदाधिकारियों को सख्ती का सामना तो करना पड़ता ही है। ऐसा ही एक्शन यूपी कांग्रेस की यूथ विंग में भी देखने को मिला है। बताते हैं कि शीर्ष पार्टी नेतृत्व के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली से दूरी बनाना उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को भारी पड़ गया है। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के 68 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत राउतपार, विकास खंड पिपराइच, जिला गोरखपुर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना 2026–27

ग्राम पंचायत राउतपार विकास खंड पिपराइच जनपद गोरखपुर द्वारा एस.एल. डब्लू.एम./फेज 2 योजना अन्तर्गत, पंचम/छठा राज्य वित्त आयोग, 15वां 16वां केन्द्रीय वित्त (टाइड और अनटाइड) से वित्तपोषित योजना अंतर्गत एवं (SLWM) के तहत आर.आर.सी. सेन्टर ठेलागाडी एवं अन्य कार्य, स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत, मनरेगा / वीबी जीरामजी योजना अंतर्गत एवं ग्राम पंचायत हेतु लागू अन्य सभी योजनाओं अन्तर्गत ति वित्तीय वित्तीय वर्ष वर्ष रू 2026–27 में स्वीकृत एवं कराये जाने वाले कार्यों / पूर्व स्वीकृत कार्यों को कराने हेतु प्रयुक्त होने वाली सभी प्रकार की सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता, जो आयकर एवं व्यापार कर में पंजीकृत हो, पी.डब्ल्यू.डी. के मानक विशिष्टियों सहित कार्य स्थल पर प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट टुकड़ा, बालू, मोरंग, गिट्टी, सीमेण्ट, सरिया, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, पेन्ट, स्कूल बेंच, स्कूल फर्नीचर, सीमेंटेड बेंच, स्वच्छता किट, पित्तर, तार, आयरन, फर्नीचर, हाईमास्ट प्लंबरिंग कार्य संबंधी सभी सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वायरिंग सामग्री, सिटीजन इनफॉर्मेशन बोर्ड, ई रिक्शा / ठेला, आदि एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14/11/2026 को दिन में 12 बजे तक सामग्री हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाल सकते है और उसी दिन 2 बजे ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जायेगी। धरोहर की राशि पांच हजार रूपये मात्र (5000/– रूपये) की होगी।

नियम व शर्ते – 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा यह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव / ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर ही करना होगा। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाएं यह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, ग्राम पंचायत सदस्य, वी.डी.सी., पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएंगी। 11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव / ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरा मापन के उपरान्त किया जायेगा गुणवत्ता खराब पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 13. धरोहर राशि नगद, राष्ट्रीयकृत बैंक की एफडीआर और एन. एस.सी./ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामाग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य निःशुल्क है पर ही स्वीकार किया जायेगा। 16. सीमेण्ट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशिप एजेन्सी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेण्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 18. किसी भी वाद–विवाद पर ग्राम पंचायत को निर्णय अन्तिम व सर्व मान्य होगा। ग्राम पंचायत के निर्णय के विपरीत किसी भी तरह का कोई वाद न्यायालय में नहीं लाया जायेगा 19– यह निविदा प्रशासनिक कार्यकाल में भी मान्य होगी।

संजय सिंह – ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– राउतपार
विकास खण्ड पिपराइच

एकता पाण्डेय – ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– राउतपार
विकास खण्ड पिपराइच

कार्यालय नगर पंचायत मझौलीराज, देवरिया

अल्पकालिक निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझौलीराज देवरिया में शीतलहर व ठण्ड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था किया जाना है। इस हेतु फर्मों/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा दिनांक 25–11–2026 को 02.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 25–11–2026 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी एवं निविदा फार्मो की बिक्री दिनांक 23–11–2026 को नगर पंचायत मझौलीराज कार्यालय पर 10.00 बजे से 02.00 बजे तक की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत मझौलीराज देवरिया में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है। किसी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

नियम व शर्तेः–

1. निविदादाता को जलौनी लकड़ी की आपूर्ति कार्यादेश प्राप्ति के तीन दिन के अन्दर करना होगा।
2. निविदादाताओं का दर प्रति कुन्तल के हिसाब से देना होगा।
3. लकड़ी सुखी जैसे आम, शीशम, बकाय, चीरान की होनी चाहिए जिसमें फर्रा/चैला गाँठ के रूप में 15 से 25 किलोग्राम से अधिक नही होनी चाहिए।
4. निविदादाताओं को चैला व गांठ लकड़ी का रेट अलग–अलग देना होगा।
5. लकड़ी आपूर्ति को अपने खर्च से अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष द्वारा चयनित स्थानों पर आवश्यकतानुसार आपूर्ति करना होगा।
6. दर में समस्त कर (आयकर व G.S.T. आदि) सम्मिलित होंगे।
7. निविदा फार्म के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. जमानत धनराशि के रूप में मु. 10000.00 (मु. दस हजार रु. मात्र) का के.बी.पी./एन.एस.सी./एफ.डी.आर. /टी.डी.आर./ नगद के रूप में संलग्न करना होगा बिना जमानत के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मझौलीराज
देवरिया

अध्यक्ष
नगर पंचायत मझौलीराज
देवरिया

पत्रांक–237(4)/न.प.मझौलीराज/2026–27/दिनांक 12–11–2026